Title: Need to take steps for desilting of Barna river in Phulpur Parliamentary Constituency, U.P.- Laid.

श्री अतीक अहमद (फूलपुर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र फूलपुर के विधान सभा प्रतापपुर में बरना नदी है, जो कि बारिश के दिनों में बहुत ि वकराल रूपधारण करती है और इसी स्थल पर कई नहरों का टेल भी है, जिसके कारण आसपास के गावं एवं किसानों की हजारों एकड़ जमीन पानी में बाहर महीने डूबी रहती है, जिसके कारण किसान भुखमरी के कगार पर है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि उपरोक्त नदी की सफाई एवं पानी निकासी की समस्या का समाधान सुनिश्चित करायें ताकि किसान अपनी खेती कर सकें।